<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई विशिष्ट लोगों ने पवित्र संगम में किया स्नान, उन्चास करोड़ चौदह लाख से अधिक लोग महाकुंभ में लगा चुके हैं आस्था की डुबकी
- महाकुंभ को देखते हुए सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के परीक्षार्थियों से समय से घर से निकलने और निजी साधनों के इस्तेमाल की अपील, प्रयागराज में ट्रैफिक व्यवस्था की होगी विशेष मॉनीटरिंग
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितीन गड़करी आज लखनऊ आएंगे, दो फ्लाइओर का करेंगे लोकार्पण, कानपुर भी जाएंगे केंद्रीय मंत्री नितीन गड़करी
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक सौ तीन करोड़ रुपये की एक सौ सोलह विकास योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**********

प्रयागराज महाकुंभ में कल शाम आठ बजे तक पचासी लाख छियालिस हजार से अधिक श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल रात तक उन्चास करोड़ चौदह लाख से अधिक श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके थे । छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में एक सौ छाछठ सदस्यीय दल के साथ कल संगम में आस्था की डुबकी लगाई। प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, राज्य के मंत्रिमंडल और कई विधायकों के साथ डुबकी लगाई। श्री साय ने उत्तर प्रदेश सरकार को व्यवस्थाओं के लिए बधाई दी और कहा कि वह छत्तीसगढ़ के लोगों की बेहतरी की कामना करते हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने भी अपने परिवार के साथ पवित्र संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि यहां का पवित्र जल, दैवीय ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण इसे अनूठा बनाता है। वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्नान के बाद कहा कि यह सभी के लिए एक दिव्य क्षण है और दुनिया भर से लोग पवित्र स्नान करने के लिए यहां आ रहे हैं। महाकुंभ में प्रसार भारती के चेयरमेन नवनीत सहगल भी मौजूद रहे। आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्री सहगल ने आकाशवाणी के कुम्भवाणी चौनल के एक कार्यक्रम को सम्बोधित किया और चौनल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह चौनल उचित और सत्य खबरें देते हुवे प्रसार भारती के उद्देश्य को प्रतिबिंबित करता है।***

***हमारा पूरा जो प्रसार भारती का पूरा नेटवर्क है हमारा जो उद्देश्य है वह यही है कि हम सच्ची, सही चीज, सही जानकारी आम लोगों तक पहुंचाएं। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज***

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक सचिन पायलट ने भी पवित्र स्नान किया। इसके अलावा अभिनेता विक्की कौशल, विवेक ओबेरॉय और पुनीत इस्सर ने भी पवित्र संगम में डुबकी लगाई।

**********

प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल महाकुम्भ मेला क्षेत्र से लेकर सिविल लाइन चौराहे तक साफ–सफाई की व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए प्रेरित किया।

महाकुंभनगर में आठ दिवसीय खेल महाकुंभ का भी कल समापन हो गया। इसमें आठ सौ से अधिक एथलीट ने हिस्सा लिया । समापन समारोह में मुख्य अतिथि और प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव की मौजूदगी में देश के परम्परागत खेलों को वर्ष दो हजार छत्तीस में भारत में होने जा रहे ओलम्पिक खेलों में शामिल करने का संकल्प लिया गया।

इस बीच, महाकुंभ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी पहुंच कर काशी विश्वनाथ धाम में पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस महीने बारह फरवरी तक करीब अड़सठ लाख लोग बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर चुके हैं। महाकुंभ शुरू होने से लेकर ग्यारह फरवरी तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु काशी विश्वनाथ धाम में आए हैं। महाशिवरात्रि पर यह संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है।

**********

सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाओं और महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से परीक्षा केंद्र के लिए समय से पहले निकलने और अपने निजी वाहन के उपयोग की अपील की है। वहां के जिलाधिकारी रविंद्र मादंड ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था को विशेष रूप से मॉनिटर करेगा। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं कल से और आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी इसी माह हो रही हैं।

इस बीच, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के कल प्रसारित तीसरे एपिसोड में टेक गुरु गौरव चौधरी और बैंकर राधिका गुप्ता ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को चैटजीपीटी और एआई इमेज–जेनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में भी जानकारी दी।

**********

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सासंद राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी आज लखनऊ के मुंशीपुलिया और खुर्रमनगर फ्लाई ओवर का उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय मंत्री आउटर रिंग रोड का अवलोकन भी करेंगे। इस अवसर पर विकासनगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। रिंग रोड पर इन दोनों फ्लाई ओवर के बन जाने से साढ़े चार किलोमीटर का सफर जाम मुक्त होगा। हमारे कानपुर प्रतिनिधि ने बताया कि लखनऊ जाने से पहले केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी किदवईनगर के बृहस्पति महिला महाविद्यालय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वह कानपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर के जरिये निर्माणाधीन कानपुर लखनऊ हाईवे का निरीक्षण भी करेंगे।

**********

आयकर विधेयक दो हजार पचीस कल लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निचले सदन में यह विधेयक प्रस्तुत किया। एक रिपोर्ट–

**लोकसभा में पेश आयकर विधेयक 2025 आयकर अधिनियम 1961 की भाषा और संरचना को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बताया कि प्रस्तावित विधायक का उद्देश्य कानून को और अधिक सुलभ बनाना और अनावश्यक प्रावधानों को हटाना है। इस विधायक में टैक्स फाइलिंग से जुड़ी जटिलताओं को खासतौर पर कम करने की कोशिश की गई है। विधायक को तैयार करने के दौरान सरकार ने करदाताओं, व्यवसायों, उद्योग संघों और पेशेवर निकायों के साथ व्यापक परामर्श किया है। इसके अलावा लगभग 21 हजार ऑनलाइन सुझावों पर विचार किया गया और उनकी प्रासंगिकता के अनुसार उन्हें शामिल किया गया। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस से संबद्ध संयुक्त समिति की रिपोर्ट भी संसद के दोनों सदनों में कल विपक्ष के विरोध के बीच प्रस्तुत की गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर नगर निगम के नव सृजित वार्ड खोराबार में कल कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने एक सौ तीन करोड़ रुपये की एक सौ सोलह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देशी विधि से राप्ती नदी में लिक्विट वेस्ट और दूषित जल का शोधन किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल खेती में होगा।

***लिक्विड वेस्ट का मैनेजमेंट कैसे होना चाहिए। आपको अगर देखना है नगर निगम का प्रोजेक्ट देखें। जहां पर प्राकृतिक पद्धति के माध्यम से पहले जो जल एकदम काला, लेकिन कुछ प्रोसेस के साथ गुजारने के बाद का अंतिम छोर तक पानी पहुंचता है। एकदम साफ हो जाता है यानी अब राप्ती नदी में काला गंदा पानी नहीं गिरेगा, बल्कि उसके प्रोसेस होने के बाद एसटीडी भी लगाई गई है। लेकिन जहां एसटीपी नहीं पहुंच पाई, वहां प्रोज्यूएसी पद्धति से उसकी प्रोसेस करते हुए वह क्लीन वाटर में बदलकर के खेती–बाड़ी के लिए उपयोगी हो सकता है।***

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के साथ श्रृंगेरी पीठ की परंपरा के अनुसार कल विशिष्ट हवन भी किया।

**********

पूरे देश में कल विश्व रेडियो दिवस मनाया गया। इस मौके पर सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कल नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव–दो हजार पचीस का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है। इस मौके पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने भी अपने विचार रखे।

**********

देश के विभिन्न जिलों में बीती रात शब ए बारात का पर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर लखनऊ और अमरोहा समेत प्रदेश के कई जिलों में मस्जिदों और **बाजारों में विशे**ष सजावट देखने को मिली। कई स्थानों पर जलसा ए पाक का भी आयोजन हुआ।

**********